**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2499**

दिनांक 13 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

## तेलंगाना में आंगनवाड़ी सेवाएं

2499. **श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी:**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तेलंगाना में एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस)/आंगनवाड़ी सेवा योजना के तहत कार्यरत आंगनवाड़ी केंद्रों और मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों की जिला-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) आंगनवाड़ी सेवाओं के लिए निधि के आवंटन में केंद्र और राज्य सरकारों की हिस्सेदारी कितनी है और उक्त राज्य में पिछले दो वर्षों के दौरान पूरक पोषण और बुनियादी ढांचे के लिए जिला-वार आवंटन कितना है;

(ग) इस योजना के तहत कवर किए गए लाभार्थियों की जिला-वार संख्या कितनी है तथा 7 महीने से 6 वर्ष की आयु के बच्चे और गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताएं कितनी हैं; और

(घ) क्या सरकार का पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए आंगनवाड़ी सेवाओं के कार्य निष्पादन और लाभार्थियों के आंकड़ों को जिला-वार सार्वजनिक क्षेत्र में रखने का विचार है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**
**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

**(क) से (घ):** तेलंगाना राज्य में कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) की जिलावार संख्या और बच्चों तथा गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं सहित लाभार्थियों की संख्या सार्वजनिक डोमेन के इस लिंक पर उपलब्ध है: https://www.poshantracker.in/statistics.

इस मिशन के तहत, भारत सरकार राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के बीच लागत-साझाकरण अनुपात के आधार पर राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को अनुदान जारी करती है:

| आंगनवाड़ी सेवाओं के अंतर्गत आने वाले घटक | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **सामान्य** | **वेतन** | **एसएनपी और एसएनपी** | **बुनियादी ढांचे सहित अन्य घटक** |
| विधान- मंडल वाले राज्य और संघ शासित प्रदेश | 60:40 | एनए | 50:50 | 60:40 |
| पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्य (जम्मू और कश्मीर सहित) | 90:10 | 90:10 | 90:10 | 90:10 |
| बिना विधान-मंडल वाला संघ शासित प्रदेश | 100:0 | एनए | 100:0 | 100:0 |

मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत पिछले दो वर्षों के दौरान तेलंगाना राज्य को जारी की गई निधि का घटक-वार विवरण इस प्रकार है:

(₹ लाख में)

| वित्तीय वर्ष | आंगनवाड़ी सेवाएँ (सामान्य) | एसएनपी और एसएजी | बुनियादी ढांचे सहित अन्य घटक |
|---|---|---|---|
| **2023-24** | 25829.34 | 23772.62 | 1184.98 |
| **2024-25** | 16358.82 | 20289.58 | 6427.81 |

******